BIHAR

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, एन0एस0बी0–2,पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र,सदाकत आश्रम पटना–800010
दूरभाष संख्या : 2261250 / 2262265 / 2261709
ई–मेल– msbspcb-bih@gov.in, bspcb@ yahoo.com,
वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

अधिसूचना संख्या 19 दिनांकः- 07.9.2021

: अधिसूचनाः

राज्य में इथनॉल उत्पादन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से उत्पादक इकाईयों, जिनके द्वारा पर्यावरणीय समाघात निर्धारण प्राधिकरण, बिहार/पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु वांछित अभिलेखों के साथ आवेदन जमा किये हैं तथा आवेदन प्राधिकरण के पास विचाराधीन है, वैसे इथनॉल उत्पादक इकाईयों को जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत प्राप्त स्थापनार्थ सहमति आवेदन के आलोक में निम्नलिखित अतिरिक्त (Additional) शर्तो के साथ 'स्थापनार्थ सहमति आदेश' (Consent-to-Establish) निर्गत किया जायेगा:-

पर्षद् द्वारा निर्गत स्थापनार्थ सहमति आदेश की तिथि से 180 (एक सौ अस्सी) दिनों के अन्दर संबंधित इथनॉल उत्पादक इकाई को ई०आई०ए० अधिसूचना, 2006 (संशोधित) के तहत निर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा; अन्यथा पर्षद् द्वारा निर्गत स्थापनार्थ सहमति आदेश स्वतः अस्वीकृत (Rejected) समझा जायेगा।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

07/9/21
(एस० चन्द्रशेखर)
सदस्य-सचिव